भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1727
गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तन अनुरक्षण कार्यों संबंधी व्यय

1727. सुश्री सयानी घोष:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2014 से अब तक देश में विमान पत्तनों के गिरने की कितनी पत्तन की घटनाएं हुई हैं; और

(ख) क्या वित्त वर्ष 2023 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा नियमित अनुरक्षण कार्य पर व्यय घटाकर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया है और यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : भारी बारिश के दौरान, दिनांक 28.06.2024 को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे, दिल्ली के टर्मिनल 1 डी पर फोरकोर्ट कैनोपी ढह गई और दिनांक 27.06.2024 और दिनांक 29.06.2024 को क्रमशः जबलपुर और राजकोट हवाईअड्डों पर गैर-संरचनात्मक तत्व, टेनसाइल कपड़े से बने कर्ब एरिया कैनोपी टूट गए।

(ख) : कोविड वर्षों को छोड़कर, मरम्मत और रखरखाव (आर एंड एम) में वृद्धि हुई है, साथ ही राजस्व में भी वृद्धि हुई है। यह नोट किया जा सकता है कि मरम्मत और रखरखाव पर राजस्व के प्रतिशत के रूप में व्यय, किसी समयावधि में व्यय की गतिविधि का आकलन करने के लिए उपयुक्त मीट्रिक नहीं है, चूंकि राजस्व विभिन्न कारकों के कारण बढ़ सकता है, जिनका आर एंड एम व्यय पर कोई असर नहीं पड़ता है।

****